>

Title: Need to check drug addiction among the youth in the Country.

श्री अविनाश राय खन्ना (होशियारपुर) : अध्यक्ष महोदय, हम सभी जानते हैं कि इस बार देश में अन्न की कमी होगी, यह बात सब के मन में चल रही थी, लेकिन पानी, बिजली, खाद, बीज, लेबर आदि कमियों के होने के बावजूद भी पंजाब के किसान ने मेहनत करके केन्द्र के पूल में बहुत सारा अनाज दिया है, लेकिन उसे उसका जो मूल्य मिलना चाहिए था, वह नहीं मिला।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आपका ड्रग एडीक्शन का नोटिस है। आपने बहुत अच्छा और इम्पोरटेंट इश्यु रेज़ किया है-

'Need to check drug addiction among the youth in the country'. आप इस पर बोलिए।

श्री अविनाश राय खन्ना : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस तरफ दिलाना चाहूंगा, युवाओं में आज नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है। मेरे पास एक समाचार-पत्र भी है, इसमें लिखा है कि कुछ कंट्री के लोग बाहर से आकर, उसमें नाइजीरिया का नाम भी है, महिलाएं और पुरुष हमारे बच्चों को नशे की तरफ धकेल रहे हैं। उसमें ज्यादातर लोग बीपीओ में काम करने वाले हैं और वे ओवर वर्क करते हैं। उनका ज्यादा ड्रग एडीक्शन की तरफ ध्यान है।

अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि अगर आज हमारे युवा लोग नशा करके अपनी जवानी को इसी तरह खराब करते रहे तो आने वाले समय में हम एक अच्छे समाज की कल्पना नहीं कर सकते। यह एक बहुत बुरी आदत है, इसे जिस ढंग से सरकार को लेना चाहिए, उस ढंग से नहीं ले रही है। इसके लिए बहुत सी संस्थाएं काम कर रही हैं, लेकिन सरकार की तरफ से जिस ढंग से काम होना चाहिए, उस ढंग से नहीं हो रहा।[s6]

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करता हूं कि इस बुराई से, देश के लिए चेलेंज समझकर, लड़ना पड़ेगा। आपने मुझे समय दिया, इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।